भारत सरकार
कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय
(कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 436

(दिनांक 24.07.2024 को उत्तर के लिए)

केंद्र सरकार के कार्यालयों और पीएसयू में रिक्तियां

436. श्री अमरा रामः

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) केंद्र सरकार और सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों के कार्यालयों में कितने पद रिक्त पड़े हैं और ये पद कब से रिक्त हैं; और

(ख) उक्त रिक्तियों को भरने के लिए सरकार द्वारा की गई/की जा रही कार्ययोजना का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा प्रधान मंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री (डॉ. जितेन्द्र सिंह)

(क) तथा (ख): विभिन्न मंत्रालयों/विभागों में रिक्त पदों का होना और भरा जाना, एक सतत् प्रक्रिया है। केंद्र सरकार के मंत्रालयों/विभागों को समय-समय पर रिक्त पदों को समयबद्ध तरीके से भरने के लिए निर्देश दिए गए हैं। माननीय प्रधानमंत्री द्वारा 22 अक्टूबर, 2022 को आरंभ किए गए रोजगार मेला में मिशन मोड में रिक्त पदों को भरा गया है। विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में 45-50 शहरों में केंद्रीय स्तर पर 12 रोजगार मेले आयोजित किए गए हैं।

*****